गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2017

मई 22, 2017

1. लिस्टिंग विभाग
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई-400 051

2. लिस्टिंग विभाग,
बांबे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड
फ्लोर 1, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,
दलाल स्ट्रीट,
मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया "वित्तीय वर्ष 2016-17 में वर्षानुवर्ष गेल का कर पश्चात लाभ 57% बढ़कर 3,503 करोड़ रुपए हो गया कर पश्चात् लाभ 77%बढ़कर 5411 करोड़ रुपए हुआ, सकल मार्जिन 41% की वृद्धि के साथ 7287 करोड़ रुपए हुआ लाभांश 120% बढ़ा, ईपीएस 57% बढ़ा" से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,
हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

<u>संलग्नक : उपरोक्तानुसार</u>

<u>प्रति</u> :

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

**वित्तीय वर्ष 2016-17 में वर्षानुवर्ष गेल का कर पश्चात लाभ 57% बढ़कर 3,503 करोड़ रुपए हो गया**

**कर पश्चात लाभ 77%बढ़कर 5411 करोड़ रुपए हुआ, सकल मार्जिन 41% की वृद्धि के साथ 7287 करोड़ रुपए हुआ**

**लाभांश 120% बढ़ा, ईपीएस 57% बढ़ा।**

**नई दिल्ली, 22 मई 2017** : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2016-17 में कर पश्चात लाभ में 57% की बढ़ोतरी दर्ज की तथा कर पश्चात लाभ पिछले वित्तीय वर्ष के 2,226 करोड़ रुपये से बढ़कर 3503 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की लाभ में बढ़ोतरी के मुख्य कारक पॉलीमर तथा लिक्विड हाइड्रोकार्बन में न्यूनतर मूल्य वसूली के बावजूद कंपनी के पेट्रोकेमिकल कारोबार में टर्नअराउंड, गैस संचरण कारोबार से लाभ में बढ़ोतरी, महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) में हिस्सेदारी की आंशिक बिक्री रहे। यह परिणाम वित्तीय वर्ष 2016-17 की चौथी तिमाही में रत्नागिरी गैस एंड पॉवर प्राइवेट लिमिटेड (आरजीपीपीएल) 783 करोड़ रुपये निवेश संबंधी क्षति पर विचार करने के पश्चात हैं।

गैर-परिचालनगत ऑफ्स (अर्थात एमजीएल में हिस्सेदारी विक्रय से लाभ तथा आरजीपीपीएल में निवेश हानि) को छोड़कर गेल का कर पश्चात लाभ 3,797 करोड़ रुपए है, इसमें वर्षानुवर्ष (YOY) 71% की वृद्धि हुई है।

बोर्ड ने अंतिम रूप से कुल लाभांश प्रति शेयर 2.70 रु. (शेयरधारकों के अनुमोदन के अध्यधीन) प्रस्तावित किया है जिसके फलस्वरूप वर्ष हेतु कुल लाभांश 1,535 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्तीय वर्ष 2015-16 की तुलना में 120% अधिक है। वर्धित प्रदत्त इक्विटी पर प्रति शेयर आय भी 57% बढ़कर 20.71 रु. प्रति शेयर हुआ। वित्तीय वर्ष 16-17 के दौरान गेल ने धारित प्रत्येक 3 इक्विटी शेयर पर एक शेयर की अनुपात में बोनस शेयर भी जारी किया।

कंपनी ने वर्षानुवर्ष आधार पर वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रत्येक खंड में भौतिक कार्यनिष्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की। पेट्रोकेमिकल्स की बिक्री 73% बढ़ी, प्राकृतिक गैस की मार्केटिंग एवं संचरण मात्रा क्रमश: 10% तथा 9% बढ़ी, एलपीजी संचरण की मात्रा में 19% की बढ़ोतरी हुई जबकि लिक्विड हाइड्रोकार्बन की बिक्री में 2% की बढ़ोतरी हुई।

तिमाही आधार पर, वित्तीय वर्ष 2016-17 की चौथी तिमाही में गेल का कर पश्चात लाभ 69% घटकर 260 करोड़ रुपए हो गया जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में 832 करोड़ रुपए था। इसका कारण आरजीपीपीएल में 783 करोड़ रुपए निवेश हानि का लेखांकन रहा। इस हानि के प्रभाव के बिना त्रैमासिक लाभ 1043 करोड़ रुपये हैं जो वर्षानुवर्ष आधार पर 25% अधिक है।

तिमाही के दौरान कंपनी ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में सभी खंडों में भौतिक कार्यनिष्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की जिसमें पेट्रोकैमिकल्स की बिक्री में 59% , प्राकृतिक गैस विपणन तथा संचरण की मात्रा में क्रमश: 11% तथा 6% की बढ़ोतरी, एलपीजी संचरण की मात्रा में 22% की बढ़ोतरी तथा लिक्विड हाइड्रोकार्बन की बिक्री में 6% की वृद्धि हुई है।

वित्तीय वर्ष 2016-17 की चौथी तिमाही में गेल का कर पश्चात लाभ वर्तमान वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही (आरजीपीपीएल में निवेश हानि को घटाकर) की तुलना में 6% बढ़कर 983 करोड़ रुपये से बढ़कर 1043 करोड़ रुपये हो गया।

समेकित वित्तीय विवरणों के अनुसार वर्ष 2016-17 के दौरान कुल ग्रुप बिक्री (सकल) 49,237 करोड़ रुपये रहा तथा ग्रुप कर पश्चात लाभ 3374 करोड़ रुपये रहा। सीजीडी ग्रुप कंपनियां (आईजीएल, एमजीएल, गेल गैस) तथा पीएलएल ने ग्रुप लाभ जोड़ना जारी रखा।

तथापि, ओएनजीसी पेट्रोएडीशन्स लिमिटेड तथा ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड ने अपने परिचालन के पहले वर्ष में होने तथा स्थिरीकरण में होने के कारण सकारात्मक रूप से ग्रुप बॉटम लाईन में अधिक योगदान नहीं दिया। प्रभाव के पश्चात, समेकित विवरणों के अनुसार ईपीएस पिछले वर्षके प्रति शेयर 11.05 रु. की तुलना में 19.91 रुपये रहा।